यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षा में नकल करते तीन छात्र पकड़े

- टीम ने रुडकी में एक छात्र, एक छात्रा व टिहरी कालेज में एक छात्र को पकड़ा
- यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने दून के तीन कालेजों का किया निरीक्षण

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की सोमवार से सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। पहले दिन विवि के उड़नदस्ते ने तीन अलग-अलग संस्थानों में एक छात्रा समेत तीन छात्रों को नकल करते पकड़ लिया।

सोमवार सुबह रुड़की क्षेत्र में उड़नदस्ते की टीम ने आरसीपी कालेज में फार्मेसी के एक छात्र को सुबह की पाली में नकल करते पकड़ा। इसके बाद उड़नदस्ता टीम ने रुड़की क्षेत्र में ही दूसरी पाली में आरआइटी इंस्टीट्यूट में बीटेक कंप्यूटर साइंस की छात्रा को नकल करते पकड़ा। उधर, विवि के दूसरे उड़नदस्ते ने टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज, नई टिहरी में नकल करते हुए एक छात्र को पकड़कर कापी सील कर दी। यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने भी स्वयं देहरादून क्षेत्र में राजपुर रोड स्थित जीआरडी इंस्टीट्यूट, आइसीएम कालेज राजपुर रोड और ज्ञानी इंदर सिंह फार्मेसी कालेज मसूरी डायवर्जन रोड का निरीक्षण किया। कुलपति को यहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। उन्होंने व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

उत्तराखंड की खबरें पढ़ें
www.jagran.com/state/uttarakhand